संक्षिप्त

हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को अवैध लोडेड देशी कट्टा व जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण ने जानकारी देते हुए बताया कि एएसआई रामजस मैय पुलिस जाप्ता गस्त व माईनर एक्ट की कार्यवाही करने थाने से रवाना होकर सोतानाला पहुंचे जहां अजीत उर्फ गिरधारी पुत्र भरत लाल कुमावत निवासी जैनपुरबास थाना बहरोड़ अवैध लोडेड देशी कट्टा व जिन्दा कारतूस लेकर घुम रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

गणतंत्र दिवस की तैयारी पूरी

बोराज, (निसं)। कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह गुरुवार को सभी पूर्व तैयारियों के साथ मनाया जाएगा। संस्था प्रधानाचार्य गीता राजावत ने बताया कि इसके साथ ही आयोजित वार्षिक उत्सव संगम समारोह में भामाशाह सम्मान , पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा ।

मतदाताओं को दिलाई शपथ

निवाई, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय निवाई में मतदाता क्लब के तत्वावधान में मतदान दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता जागरूकता हेतु शपथ दिलवाई गई। डॉ सोना अग्रवाल ने विद्यार्थियों को मतदान की महत्ता से अवगत करवाया। परिवारजनों व आस.पडोस के लोगों को जागरूक करने हेतु छात्रों को प्रेरित किया।

बुचारा बांध में हो रहे अवैध खनन पर होगी कारवाई : अग्रवाल

- जयपुर ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल ने अधिकारियों को दिये निर्देश

पावटा, (निसं)। बुचारा बांध जो विरासत कालीन धरोहर है तथा जिला जयपुर, अलवर, सीकर सहित पटौदी (हरियाणा) तक के किसानों कि लाइफ लाइन है।

पिछले कुछ महीनों से खनन माफिया ने इसको छलनी कर दिया है। बुचारा बांध को बचाने के लिए राधेश्याम शुक्लावास खनन ग्रस्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल ने आईजी उमेश चंद्र दत्ता व जयपुर ग्रामीण पुलिस अधिक्षक मनीष अग्रवाल से मुलाकात की। जिस पर शंकरदत्त शर्मा एसपी ने आईजी उमेश चंद्र दत्ता व जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल को सख्त कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री के आदेशों से अवगत करवाया। एसपी ने मौके पर आरएसी के जवानों कि तैनाती रात दिन करने सहित एडीशनल एसपी विधा प्रकाश व डीवाईएसपी विराटनगर संजीव चौधरी,

बुचारा बांध को बचाने के लिए खनन ग्रस्त संघर्ष समिति ने जयपुर ग्रामीण पुलिस अधिक्षक मनीष अग्रवाल से मुलाकात की।

थाना प्रभारी प्रागपुरा किरण यादव को शिष्ट मंडल के सामने ही फोन पर बुचारा बांध में अवैध खनन को रोकने के लिए निर्देशित किया।

वहीं जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने बुचारा बांध के एरिया में एक भी पत्थर का अवैध खनन नहीं होने का ठोस आश्वासन दिया।

इस दौरान राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि अब उम्मीद है कि राज्य के किसानों व सामाजिक संगठनों के साझा प्रयास सफल होंगे। इस मौके पर दलीप सिंह पहलवान, सामाजिक कार्यकर्ता पुरण यादव लाडाकाबास, शीश राम गुर्जर सरपंच प्रतिनिधि बुचारा तथा जयपुर से कविता श्रीवास्तव, निशा सिद्धू, सवाई सिंह, निखिल डे, कमल कुमार, मुकेश गोस्वामी, कैलाश मीणा नीमकाथाना, किसान नेता बनवारीलाल कूडी फूलेरा, शैतान सिंह गुरूजी किसान नेता, रामकरण गुर्जर रामपुरा किसान नेता सहित हजारों लोगों का समर्थन रहा है।

साईं बाबा के पाटोत्सव के पोस्टर का विमोचन

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमूं उपखण्ड के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर के द्वादशम पाटोत्सव के पोस्टर का विमोचन श्री श्री 1008 चेतन दास जी महाराज फलाहारी बाबा और ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रुक्क्षमणी कुमारी के कर कमलों से संपन्न हुआ।

शिरडी साईं मंदिर के महंत रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि हर साल मंदिर की स्थापना से ही साईं बाबा का पाटोत्सव मनाया जाता है। इस बार द्वादशम पाटोत्सव 1 फरवरी से 3 फरवरी तक मनाया जाएगा। जिसमें विशाल साईं सत्संग और विशाल कन्या प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। 1 फरवरी को बाबा का अभिषेक और श्रंगार, 2 फरवरी को श्री राम भक्त वीर हनुमान जी सुंदरकांड रामधुनी मंडल ईटावा भोपजी द्वारा सुंदरकांड का पाठ और 3 फरवरी को विशाल साईं सत्संग, कन्या प्रसादी और संतों द्वारा आशीर्वचन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

'बाल श्रमिकों का जागरूक करें'

अलवर, (निसं)। श्रम आयुक्त राजस्थान ने बाल श्रम रोकथाम एवं इसके संबंध में जागरूकता व प्रचार-प्रसार हेतु 27 जनवरी तक जिले के नियाजकों एवं संस्थानों से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उप श्रम आयुक्त ने बताया कि बाल श्रम की नोडल अधिकारी रेखा कुमारी को निर्देशित किया गया है कि 27 जनवरी 2023 तक अभियान चलाकर व टीमें गठित कर बाल श्रमिकों की मुक्ति व प्रचार-प्रसार करावे।

'संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो पुलिस को सूचना दें'

किशनगढ़ बास, (निसं)। पुलिस थाने पर डीएसपी जयप्रकाश बेनीवाल, थाना इंचार्ज अमित चौधरी ने जेवरात व्यापारियों के साथ बैठक कर सतर्क रहकर सावधानी बरतने के सुझाव दिए और कहा कि हमारी सावधानी ही सुरक्षा है।

संदिग्ध व्यक्ति कोई दिखाई दे या दुकान पर आए तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को करें जिससे समय रहते तत्काल कार्रवाई की जा सके।

बैठक में अधिकारियों ने जेवरात व्यापारियों को सुरक्षा के तौर पर दुकानों के अंदर व बाहर कैमरे लगवाएं जाने की सलाह के साथ रात को दुकान से घर जाते वक्त दुकान के बाहर लाइट अवश्य जलाकर जाने के लिए कहा। इससे गश्त कर रही पुलिस को रात के समय में निगरानी रखने में आसानी होगी तथा दुकानों के अंदर बाहर कैमरे सुरक्षा कवच का काम करेंगे।

सुबह शाम घर से दुकान और दुकान से घर जाते वक्त तथा बैंक मैं कैश जमा कराने व कैश लाते समय ध्यान रखें रास्ते में कोई संदिग्ध व्यक्ति मिले या दुकान पर कोई सामान लेने व बेचने आए तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को देंवे। पुलिस अधिकारियों ने कहा आमजन की मदद से अपराध को रोका और अपराधियों को पकड़ा जा सकता है। बैठक में जेवरात व्यापारी वीरेंद्र सोनी मुकेश सोनी जितेंद्र सोनी पदम चंद सोनी गोपाल सोनी सुधीर सोनी नरेंद्र जैन अंकुर जैन राम सिंह सोनी बिजेंद्र सोनी विनय कटारिया मोनू सोनी विशाल टिल्लू सोनी भवानी शंकर सोनी नरेश सोनी चिम्मन सोनी आदि व्यापारियों सहित स्वर्णकार समाज अध्यक्ष जिनेंद्र सोनी मौजूद रहे।

बच्चों ने वार्षिकोत्सव में दी रंगारंग प्रस्तुति

राजगढ़, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम कांदोली उच्च प्राथमिक विद्यालय में नन्हे-मुन्ने बच्चों की वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में रोचक प्रस्तुतियों का ग्रामीणों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया।

छोटे-छोटे बच्चों ने आकर्षक एवं भावपूर्ण नृत्य कर सभी को आनंदित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अमरचंद फौजी एवं विशिष्ट अतिथि भजेडा सरपंच सीमा मीणा सहित अन्य अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से प्रधानाचार्य पवन कुमार शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमरचंद फौजी एवं सरपंच सीमा मीणा की ओर से विद्यालय को हर संभव मदद एवं सहयोग देने का आश्वासन दिया।

बच्चों की रोचक प्रस्तुतियों का ग्रामीणों ने उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय में कमरा निर्माण को लेकर समाज सेवी सुशीला मीणा का सम्मान किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में रामकिशोर, रमेश चंद्र, गिर्राज प्रसाद, प्यारेलाल, राजकुमार,चावण्डया राम, राजाराम मीणा, कैला देवी मीणा, तारा मीना, अमृत चौहान, ताराचंद, धर्मेंद्र शर्मा सहित अनेक शिक्षक व ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे।

सामूहिक विवाह समेलन आज

पावटा, (निसं)। महात्मा फुले ब्रिगेड संस्था एवं ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज रजि. के संयुक्त तत्वावधान में सैनी समाज का 9वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आज पावटा के राम मैरिज गार्डन में आयोजित होगा। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई हैं। सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष रामसिंह सैनी ने बताया कि सैनी समाज का मुख्य उद्देश्य है कि समाज में दहेज प्रथा को खत्म कर अमीरी गरीबी को खत्म करना है। सैनी समाज में फिजूलखर्च नहीं कर बालिका शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। इस सामूहिक विवाह समेलन में विभिन्न क्षेत्रों से समाज के लोग शामिल होंगे।

वार्षिक समारोह में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

सांभरझील, (निसं)। राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में आज वार्षिकोत्सव भामाशाह का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद के उम्मीदवार रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याधर सिंह चौधरी ने कहा कि प्रदेश में सरकार ने अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को खोलकर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक बेहतर विकल्प तैयार किया है। आने वाले कुछ वर्षों में अब गांव के बच्चे भी अंग्रेजी में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि राजकीय दरबार स्कूल में अभी तक भामाशाहों की ओर से जो योगदान व सहयोग दिया गया है वह सराहनीय कदम है इससे विद्यालय के विकास को नई गति मिली है। विद्यालय विकास के लिए योगदान देने के लिए सभी को अपने सामर्थ्य के अनुसार आगे आने की जरूरत है। स्कूल के प्रधानाचार्य टीकमचंद मालाकार की ओर से स्कूल में व्याप्त सुविधाओं के विस्तार व रिक्त पदों के भरवाने के लिए अनुरोध करने पर उनकी ओर से सकारात्मक पहल के साथ आश्वस्त किया। गया। वार्षिक समारोह में विद्यार्थियों की ओर से अतुल्य भारत की टीम पर नृत्य गान, योग, पिरामिड वह देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां पेश की गई। स्कूल प्रशासन की तरफ से 100 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, श्रेष्ठतम परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों, भामाशाहों को स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर कांग्रेस महामंत्री नाथूलाल गट्टानी, ओमप्रकाश मालाकार, चंद्रप्रकाश सैनी प्रत्येक ने 5100 की राशि का विद्यालय विकास के लिए दान किया। इस मौके पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी छोटे लाल बुनकर, तहसीलदार कृष्ण शर्मा, महात्मा गांधी स्कूल फुलेरा के प्रिंसिपल संजय यादव, पूर्व चेयरमैन कन्हैयालाल सक्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, चंद्रप्रकाश व्यास, रमेश चौधरी, सोमेश अजमेरा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों व सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।

21 जोड़े आज बंधेंगे परिणय सूत्र में

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम भन्दे बालाजी स्थित प्रजापति समाज धर्मशाला परिसर में प्रजापति विकास एवं विवाह समिति के तत्वावधान में 26 जनवरी बसन्त पंचमी को प्रजापति समाज का 9 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

समिति के कोषाध्यक्ष धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि उक्त सम्मेलन में कुल 21 जोड़ों का पंजीयन किया जा चुका है। वहीं समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल मारवाल आसलपुर ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों एवं गठीत कमेटीयों के द्वारा विवाह सम्मेलन की पूर्ण तैयारियां कर ली गई है। साथ ही समिति के उपाध्यक्ष भंवर लाल प्रजापति नरैना ने बताया कि विवाह सम्मेलन के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

हंसराज राज्य स्तर पर सम्मानित

खाटूश्यामजी, (निसं)। कस्बे के भाग संख्या 153 के बीएलओ हंसराज तंवर 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्य स्तर पर सम्मानित हुए।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र व विशिष्ट अतिथि मुख्य निर्वाचन आयुक्त व मुख्य सचिव उषा शर्मा के आतिथ्य में आयोजित किया गया।जिसमें राजस्थान में मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित किया गया। जिसमें खाटूश्यामजी कस्बे की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सीतारामपुर के अध्यापक हंसराज तंवर को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खाटूश्यामजी के महेश कुमार प्रयोगशाला सहायक को जिला स्तर पर तथा प्रदीप कुमार शर्मा को ब्लॉक स्तर पर उपखंड अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

गणतंत्र दिवस आज

पावटा, (निसं)। 26 जनवरी 2023 को भारत अपना 74वां गणतंत्र दिवस मनाएगा।

मुख्य कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा के खेल मैदान में आयोजित किया जायेगा। प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ने बताया कि 2 सुबह 9:15 बजे झंडारोहण कार्यक्रम होगा फिर परेड पीटी व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं तैयारियां पूरी कर ली गई है।

आर्थिक सहायता स्वीकृत

खैरथल, (निसं)। कृषि उपज मंडी समिति खैरथल की ओर से राजीव गांधी कृषक साथी योजना के अंतर्गत कृषि कार्य करते हुए मृत्युकारित एवं अंग-भंग हुए कृषकों को चालीस लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

कृषि उपज मंडी समिति खैरथल के सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि गुरुवार को समिति के प्रशासक एसडीएम गंगाधर मीणा की अध्यक्षता में हुई राजीव गांधी कृषक साथी योजना की गठित सहायता कमैटीइ की बैठक में 19 मृतक प्रकरणों में 38 लाख रुपए और अंग-भंग के 9 प्रकरणों में 2.10 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। बैठक में एसडीएम गंगाधर मीणा ने निर्देश दिए कि उक्त कल्याणकारी योजना का किसानों को त्वरित सहायता पहुंचाने के लिए बैठक हर महीने रखी जाए।

सांसद ने की विकास कार्यों की घोषणा

अलवर, (निसं)। अलवर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी ने केंद्रीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों के साथ जनसंवाद किया।

इस दौरान उनके द्वारा छिलोडी, राजपुर छोटा, पाटन, बीलेटा माचाडी बबेली इत्यादि विभिन्न ग्राम पंचायतों के विकास के लिए 67 लाख रुपए की घोषणा की गई। इस दौरान स्थानीय ग्रामीण जनों से मुलाकात करते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी और केंद्रीय योजनाओं का प्रत्येक गांव व ढाणी तक लाभ पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने राजगढ लक्ष्मणगढ के क्षेत्र स्थित कजोता ग्राम में नलकूप का उद्घाटन करते हुए कहा कि केंद्रीय योजनाओं का लाभ आमजन को नहीं मिल पाए, इसलिए राजस्थान सरकार योजनाओं को अटका रही है। जल जीवन मिशन योजना में भ्रष्टाचार सभी के सामने हैं।

श्रीमाधोपुर के सरकारी अस्पताल ने रचा इतिहास

श्रीमाधोपुर, (निसं)। सरकारी अस्पताल ने चिकित्सा के क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। कैंसर के मरीज का चिकित्सकों ने सकुशल ऑपरेशन किया।

राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल में जो कैंसर का ऑपरेशन संभव नहीं था वह सीएचसी के डॉ. ने खुद की रिक्स पर मरीज का सकुशल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन दान दिया है। चिकित्सक डॉ. जितेंद्र यादव सर्जन ने बताया कि राजस्थान में कैंसर का इतना बड़ा ऑपरेशन सीएचसी लेवल पर पहला मामला है। बीसीएमओ में डॉ.राजेश मंगावा ने बताया कि अस्पताल के सर्जन तथा उनकी टीम ने एक अच्छा नेक कार्य करते हुए एक महिला को नया जीवन दान देते हुए सकुशल कैंसर का बड़ा ऑपरेशन कर एक नया इतिहास रचा। लगातार अस्पताल में बड़े-बड़े जटिल ऑपरेशन किए जा रहे हैं जो एक श्रीमाधोपुर कस्बे के एक छोटे से अस्पताल के लिए बड़े गौरवान्वित विषय की बात है।

कैंसर के मरीज का चिकित्सकों ने सकुशल ऑपरेशन किया।

सीएचसी प्रभारी डॉ राजेश अंकुर ने बताया कि अस्पताल में खाटूश्यामजी निवासी संतोष देवी पत्नी बाबूलाल शर्मा जिसके स्तन में एक बड़ी गांठ होने के चलते कैंसर बन गया था जिसको लेकर वह काफी दिनों से पीड़ित थी। अस्पताल में सर्जन डॉ जितेंद्र यादव, डॉ.ओम प्रकाश सामोता तथा उनकी टीम रतन सिंह, सुदेश शेखावत व केदारमल सैनी ने मरीज का सकुशल ऑपरेशन कर उसके स्तन से करीब 800 ग्राम की गांठ बाहर निकाली। सकुशल ऑपरेशन के बाद बीसीएमओ डॉ. मंगावा ने ऑपरेशन में शामिल टीम को बधाई दी।

'एक शाम गौ माता के नाम' के पोस्टर का विमोचन

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमूं उपखण्ड के गांव मलिकपुर में 13 फरवरी 2023 को सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन समिति के सदस्यों व गांव के वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा किया गया।

समिति कार्यकर्ताओं ने बताया 13 फरवरी 2023 को प्रकाश दास जी महाराज के श्रीमुख से भजनों का गुणगान किया जाएगा साथ ही गांव की गो माता की सेवा का भी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष मोतीराम यादव मन्दिर महंत , रतनलाल दाधीच , बनवारीलाल दाधीच , वीरेंद्र सिंह , भंवर लाल, बिहारी लाल , चौथमल अग्रवाल , अर्जुन लाल जांगिड़, रतन लाल अग्रवाल , विनोद , हिमांशु सेन , हनुमान सहाय , रामू पारीक , जितेन्द्र कौशल , राहुल , श्याम सुंदर , राकेश सहीत समिति के कार्यकता व ग्रामीणों की उपस्थिति में पोस्टर व बैनरों का विमोचन किया गया।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-14232 दिनांक-19.01.2023
जाहिर आम सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की मुख्यमंत्री जन आवास योजना सेक्टर-26, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर में आवेदक श्री अमित कुमार होरोलिया पुत्र श्री फतुराम होरोलिया द्वारा आवेदन क्रमांक RHB/025491 आर्थिक दृष्टि कमजोर आय वर्ग में आवास आवंटन हेतु निवेदन किया गया था। मण्डल नियमानुसार वरियता लॉटरी दिनांक 25.01.2022 के द्वारा वरियता क्रमांक P-27/G-IV/HPS/EWS/Sec-26/2021 निर्धारित किया जाकर पूर्व ग्रहण राशि मांग क्रमांक 8905 दिनांक 20.09.2022 जारी किया गया था। श्री अमित कुमार होरोलिया की मृत्यु दिनांक 17.11.2021 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती मीनाक्षी पत्नी स्व. श्री अमित कुमार होरोलिया द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त पंजीकरण का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती मीनाक्षी पत्नी स्व. श्री अमित कुमार होरोलिया का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लेट संख्या- 10/43 (एफ.एफ.), मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 26.423 वर्ग मीटर का आवंटन श्री त्रिलोचन सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 1392 दिनांक 12.04.1986 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास/फ्लेट का भौतिक कब्जा दिनांक 06.06.1986 को प्राप्त कर लिया गया। श्री त्रिलोचन सिंह की मृत्यु दिनांक 27.07.2018 को हो जाने के कारण श्री मंजू सिंह पत्नी श्री तनवीर सिंह के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा की प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास/फ्लेट का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लेट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री मंजू सिंह पत्नी श्री तनवीर सिंह के पक्ष में उक्त आवास/फ्लेट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)
(राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)
क्रमांक-एफ-6()उपा.राज-द्वितीय (सा.प्र.)/ननिज/2023/1698
सार्वजनिक सूचना दिनांक- 25.01.2023
मूल भूखण्ड संख्या 25, उनियारा गार्डन के पास, जयपुर का अर्बन इम्प्रूवमेंट बोर्ड, जयपुर द्वारा श्री विजय सिंह के नाम से क्षेत्रफल 661.05 वर्गगज भूमि का आवंटन एवं पट्टा जारी किया गया था। दिनांक 22.10.1961 को ठाकुर विजय सिंह द्वारा भूखण्ड संख्या 25, उनियारा गार्डन, जयपुर में से एक कमरा 12 X 14 पश्चिम मुखी बना हुआ है व पैमाईश पूर्व पश्चिम 36 फीट 6 इंच उत्तर दक्षिण 51 फीट 6 इंच श्रीमती कंचन देवी पत्नी श्री दुर्गा प्रसाद शर्मा को बेचान किया गया। दिनांक 01.01.1975 को 1. श्री विजय सिंह 2. श्री कुलदीप सिंह (पुत्र वरिष्ठ) 3. श्री जगदीप सिंह (पुत्र) 4. श्रीमती रतन देवी (पत्नी) 5. श्रीमती प्रमोद कुमार (वरिष्ठ पुत्र की पुत्रवधु) के मध्य पारिवारिक प्रबन्ध एवं पारिवारिक प्रबन्ध (संशोधना हुआ। दिनांक 06.08.1986 को श्री विजय सिंह की मृत्यु हो गई। दिनांक 08.04.1991 को जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या 25, उनियारा गार्डन, जयपुर क्षेत्रफल 330 वर्गगज श्री कुलदीप सिंह एवं श्री जगदीप सिंह के नाम से नाम हस्तान्तरण जारी किया गया। दिनांक 08.07.2022 को श्री जगदीश सिंह कुशवाह पुत्र स्व. श्री विजय सिंह द्वारा भूखण्ड संख्या 25, उनियारा गार्डन योजना मोती ड्रांगरी रोड, जयपुर क्षेत्रफल 174.32 वर्गमीटर अर्थात 208.05 वर्गगज श्री रंजन काबरा पुत्र स्व. श्री श्याम सुंदर काबरा को बेचान किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत खत पारिवारिक प्रबन्ध, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, अफडेविट एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा श्री रंजन काबरा पुत्र स्व. श्री श्याम सुंदर काबरा के पक्ष में क्षेत्रफल 208.27 वर्गगज का उपविभाजन एवं नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। इस उपविभाजन एवं नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार उपविभाजन एवं नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
(सोहन राम चौधरी)
उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

Form No. 14 [See Regulation 33(2)]
Notice Under Rule2 of Second Schedule to The Income Tax Act1961
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-JAIPUR
First Floor,Sudharma-II,Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road, Jaipur 302015
Dispatch No.DRT/JP 6870 Date.05.12.2022
R.C. No. 349/2020 Next Date 22.02.2023
KotakMahindra Bank Ltd Certificate Holder
Versus
To Surendra Yadav Certificate Debtor
DEMAND NOTICE
1. Surendra Yadav S/o Shri Ratti Ram R/o. Pawana Aheer, Kotputli, District-Jaipur-303108 (Raj).
2. Sanjay Yadav S/o. Shri Ratti Ram R/o. Pawana Aheer, Naiyon ka Mohalla, Ward No. 11, Tehsil Kotputli, District-Jaipur-303108 (Raj).
In view of recovery certificate issued in OA No.211/2019 passed by the presiding officer, DRT, Jaipur for an amount of Rs 12,87,778/- (Twelve Lacs Eighty Seven Thousand Seven Hundred Seventy Eight only) and interest thereon as per recovery Certificate is due against You.
1. You are hereby called upon to deposit the above sum within 15 days of the receipt of the notice, failing which the recovery shall be made as per rules.
2. You are, hereby ordered to appear before the undersigned on 22-02-2023 at 11.00 A.M.
3. In additions to the sum aforesaid you will be liable to pay:
(a) Such interest as is payable for the period commencing immediately after this notice of the execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and other process that may be taken for recovering the amount due.
DETAIL OF AMOUNT IN THE RECOVERY CERTIFICATE DUE AGAINST YOU.
(1) Recovery Certificate Amount Rs. 12,87,778/-
(2) Cost of Suit Rs. 16,370/-
(3) Interest from 11.02.2019 to 30.11.2020 Rs. 2,32,153/-
(4) Amount Recovered after RC Issued (if any) Nil
(5) Total Dues Rs. 15,36,301/-
Seal Recovery Officer Debt Recovery Tribunal Jaipur

खोया पाया
मेरे प्लाट नम्बर 16, चित्रकूट कॉलोनी, आगरा रोड, हथरोहीगढी, गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर का मूल आवंटन पत्र व पट्टा, साइट प्लान और मूल रसीद कहीं गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें। राधेश्याम सांसी 8890222156

NAME CHANGE
I have changed my name Nikhil Singh to Nikhil Singh Nirban for all purpose. R/o C-87, Priyanshu Vihar, Sirsi Road, Jaipur.
I Mukesh S/o Bhanwar Lal R/o 5C-22, Kudi Bhagtasni Housing Board, Jodhpur, Rajasthan-342005, have changed my name to Mukesh Bugaliya.
I army no 290038L Ex LNK Chandgi Ram Gurjar S/O Shankar Lal Gurjar R/O village post babai teh.khetri Dist Jhunjhunu that I have changed my daughter name From MONIKA (DOB 25/12/1999) is wrong entered in service record To MONIKA Gurjar (DOB25/12/2000) vide affidavit dated 20jan2023 before district notary Jaipur.
I have changed my Daughter name Asmi Saini to Asmi Gaur for All purpose. Sarita Saini W/o Pawan Kumar Saini, Plot No. 1-A, Vastu Shri Colony, Mangyawas, Mansarovar, Jaipur.

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा **आवास संख्या 6/58 मालवीय नगर जयपुर** क्षेत्रफल 44.00 वर्ग मीटर का नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 2426 दिनांक 23.10.2000 श्रीमती मालती लता जैन पत्नी श्री नथमल झांझरी के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 29.09.2001 को करवाया गया। श्रीमती मालती लता जैन की मृत्यु दिनांक 16.06.2022 को हो जाने के कारण श्री शैलेन्द्र कुमार जैन पुत्र स्व. श्री नथमल झांझरी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, अपंजीकृत वसीयतनामा/अन्तिम इच्छापत्र की छाया प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत में अंकित प्रथम गवाह श्री सुमन जैन पत्नी श्री अनिल कुमार जैन, निवासी- 6/412 मालवीय नगर, जयपुर का शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता **श्री शैलेन्द्र कुमार जैन पुत्र स्व. श्री नथमल झांझरी** के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक